तापमान

अधिकतम 40.5 डिग्री
न्यूनतम 24.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 16 जुलाई 2026



12 नेशनल हाइवे की बदहाली पर एसडीएम सख्त ...





12 पौधरोपण से प्रदूषण पर लगेगा अंकुश ...




**खबर संक्षेप**

### प्लाट बेचने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे 32 लाख

**यमुनानगर**। यमुनानगर के गोविंदपुरा में प्लॉट बेचने का झांसा देकर 32 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। न्यू ग्रेन मार्केट, जगाधरी निवासी सौरभ कांबोज की शिकायत पर फर्कपुर थाना पुलिस ने आरोपी सत्यानंद के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, वर्ष 2022 में आरोपी ने गोविंदपुरा में एक प्लॉट दिखाकर 32 लाख रुपये में सौदा तय किया। जुलाई 2022 से जून 2023 के बीच पीड़ित ने पूरी रकम अदा कर दी, लेकिन न तो प्लॉट की रजिस्ट्री कराई गई और न ही रकम लौटाई गई। जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### घर से 50 हजार रुपये की नकदी व दो मोबाइल चोरी

**यमुनानगर**। शहर की ईस्ट भाटिया नगर कॉलोनी से चोरों ने घर में घुसकर 50 हजार रुपये तथा दो मोबाइल चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। ईस्ट भाटिया नगर निवासी सुरेंद्र कुमार शेट्टी ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 13 जुलाई को रात साढ़े 11 बजे अपने घर में सो गया था। रात को डेढ़ बजे जब वह उठा तो उसे घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर 50 हजार रुपए की नकदी व दो मोबाइल गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### लाखों की अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**यमुनानगर**। पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से तीन युवकों को लाखों रुपये की अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया, जहां से रिमांड हासिल किया गया। पहले मामले में गांव मुसिंबल के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे नगला राजपूताना निवासी रामलाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 334 ग्राम अफीम बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.03 लाख रुपये बताई गई।

### पानीपत में लापता युवक का शव तालाब से बरामद

**पानीपत**। गांव रिसालू में लापता युवक सुशील कुमार का शव बुधवार को श्मशान भूमि के पास स्थित तालाब से बरामद हुआ। सुशील मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

पानीपत की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने सुनाई सजा

# प्रेम प्रसंग में पति की हत्या करने वाली पत्नी समेत 4 को उम्रकैद

**बेल्ट से पीटकर वारदात, नहर में फेंकी लाश, पुलिस को करती रही गुमराह**

**कोर्ट ने एक अन्य आरोपी ऊषा को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप सिंह की अदालत ने भारत नगर, काबड़ी रोड निवासी अशोक कुमार की हत्या के मामले में उसकी पत्नी सोनू, अजीत पुत्र दल सिंह, सोमबीर पुत्र राजकुमार निवासी गांव जोशी (जिला पानीपत) तथा दीपक उर्फ दीपू पुत्र सूरजभान निवासी गांव करसिंधू (जिला जींद) को दोषी करार देते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं, अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में ऊषा पत्नी राजू को बरी कर दिया। अभियोजन के अनुसार, आरोपियों ने अशोक की पिटाई करने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी और शव को बाइक पर ले जाकर नहर में फेंक दिया।

घटना के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए अशोक की पत्नी सोनू ने 16 जनवरी 2022 को थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। मामले की जांच तत्कालीन सब-इंस्पेक्टर रामकुमार ने अपनी टीम के साथ की। जांच में सामने आया कि अशोक की हत्या उसकी पत्नी सोनू ने अपने प्रेम संबंधों और रंजिश के चलते सह-आरोपियों के साथ मिलकर कराई थी। पुलिस द्वारा अदालत में प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सभी आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई गई।




### 248 किलो चूरापोस्त व अफीम तस्करी मामले में दो दोषियों को 10-10 साल की सजा

**कुरुक्षेत्र**। कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट, एनडीपीएस एक्ट) ने भारी मात्रा में नशीले पदार्थ की तस्करी के मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। दोषियों की पहचान बलबीर सिंह उर्फ बीरा निवासी नैंसी तथा हरजिंद्र सिंह निवासी मंझराबधा धुरिया, जिला पीलीभीत (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।जिला न्यायवादी जयमल सिंह ने बताया कि 8 अप्रैल 2020 को लॉकडाउन के दौरान एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गुप्त सूचना पर पेहोवा बाईपास से एयर फोर्स ड्यूटी का फर्जी स्टीकर लगे कैंटर को रोककर तलाशी ली। तलाशी में 248 किलोग्राम चूरापोस्त, 199 किलोग्राम खसखस और 1.5 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों ने पुलिस को चकमा देने के लिए वाहन पर फर्जी एयर फोर्स ड्यूटी का स्टीकर लगाया था।अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराया। मुख्य धारा 15 के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। बलबीर सिंह को फर्जी दस्तावेजों के उपयोग और धोखाधड़ी से संबंधित विभिन्न आईपीसी धाराओं में भी अलग-अलग सजा दी गई। सभी सजाएं न्यायालय के आदेशानुसार लागू होंगी।

### हेरोइन रखने के दो दोषियों को 3-3 साल कठोर कारावास

**कुरुक्षेत्र**। कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट, एनडीपीएस एक्ट) की अदालत ने 170 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) रखने के मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन साल के कठोर कारावास और 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। दोषियों की पहचान कर्मबीर निवासी खानपुर, जिला करनाल और समलप्रीत उर्फ सन्नी निवासी यमुनानगर के रूप में हुई है।जिला न्यायवादी जयमल सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल 2020 को स्पेशल स्टाफ अंबाला कैंट की टीम लाडवा क्षेत्र में नशा तस्करों की तलाश में मौजूद थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने लाडवा-यमुनानगर रोड स्थित टी-प्वाइंट पर नाकाबंदी कर दोनों आरोपियों को वाहन सहित काबू किया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 170 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। अदालत ने गवाहों और सबूतों के आधार पर दोनों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-बी के तहत दोषी मानते हुए सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर दोनों को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।



### यमुनानगर: बाइक की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर**। सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी बंजारा के पास सड़क क्रॉस करते समय तेज रफ्तार बाइक ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव गढ़ी बंजारा निवासी गंभीर चंद ने सदर जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका चाचा 57 वर्षीय न्योरती राम 13 जुलाई को गांव के पास से जा रहा था। सड़क क्रॉस करने लगा तो तेज गति से आ रही बाइक ने चाचा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसके चाचा को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई।

### दुकान का शटर बंद करते समय करंट लगने से युवक की मौत

**करनाल**। शहर के कलंदरी गेट क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव बीजना निवासी अमन राणा के रूप में हुई है, जो कूरियर वैन का काम करता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। अमन गेट स्थित अपनी दुकान का शटर बंद कर रहा था। इसी दौरान अचानक शटर में करंट दौड़ गया। जैसे ही उसने शटर को हाथ लगाया, उसे जोरदार बिजली का झटका लगा और वह नीचे गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग से भारी नुकसान, बुजुर्ग ने भागकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

कुरुक्षेत्र के लाडवा क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान में लगी भीषण आग से करीब एक करोड़ रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गांव बन के पास राधा स्वामी सत्संग घर के सामने स्थित दुकान में इलेक्ट्रॉनिक सामान के अलावा नकदी, सोना और घरेलू सामान भी रखा था। हादसे के समय दुकान में सो रहे मालिक के पिता की बाथरूम जाने के लिए आंख खुल गई, जिससे उन्होंने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दुकान मालिक और उनके पिता पूरी रात सामान जलता देखते रहे। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों की मदद से करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान मालिक तरुण ने बताया कि शोरूम में 17 लाख रुपये नकद, करीब चार तोले सोना और अन्य सामान रखा था। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**लाडवा**। दुकान में लगी आग को बुझाते कर्मी।

**अंबाला में साइबर सेल को बड़ी कामयाबी**

# 7.72 लाख की कीमत के 40 गुमशुदा मोबाइल किए बरामद



**अंबाला**। मालिकों को मोबाइल फोन सौंपते डीएसपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला पुलिस की साइबर सेल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए विभिन्न स्थानों से गुम हुए 40 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिए। बरामद स्मार्टफोन की कुल अनुमानित कीमत करीब 7.72 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक जितेश ने मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए। अपना खोया मोबाइल वापस पाकर लोगों ने खुशी जताई और साइबर सेल की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया। मोबाइल प्राप्त करने वालों में संजय कुमार, पिंटू, राहुल, सागर कुमार, नीलम सहित अन्य लोग शामिल रहे। इस अवसर पर डीएसपी ने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर घबराने के बजाय तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही टेलीकॉम कंपनी से संपर्क कर सिम ब्लॉक करवाएं और नई डुप्लीकेट सिम जारी कराएं।

# ट्रक में अवैध रूप से भरे खाद के 450 बैग बरामद

■ अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



रादौर के त्रिवेणी चौक के पास कृषि विभाग की टीम ने ट्रक में अवैध रूप से भरे यूरिया खाद के 450 बैग बरामद किए हैं। विभाग की टीम को आता देखकर आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। कृषि विभाग की टीम ने पुलिस की सहायता से ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कृषि विभाग के गुण नियंत्रक निरीक्षक बालमुकुंद ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि रादौर के त्रिवेणी चौक के पास एक ट्रक लाडवा की तरफ से यूरिया खाद का भरा हुआ आ रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने त्रिवेणी चौक के पास नाका लगाकर जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें लाडवा की तरफ से एक ट्रक आता दिखाई दिया। इस दौरान ट्रक चालक विभाग की टीम को मौके पर खड़ा देखकर मौके से फरार हो गया। कृषि विभाग की टीम ने जब ट्रक को चेक किया तो उसमें 450 बैग यूरिया खाद के भरे हुए थे। यह कृषि योग्य यूरिया खाद था। विभाग की टीम ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में लेकर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि यह खाद फैक्ट्री में प्रयोग करने के लिए ले जाया जा रहा था।

# खुदरा मूल्य से ज्यादा कीमत पर सामान बेचते आठ दुकानदार पकड़े गए

■ 40 दुकानों पर निरीक्षण के बाद चालान की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बंद सामानों पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक कीमत वसूलकर उपभोक्ताओं से मनमानी करने वाले दुकानदारों, ढाबा संचालकों और स्टॉल संचालकों के खिलाफ विधिक माप विज्ञान (नापतोल) विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान 40 दुकानों की जांच की गई, जिनमें 8 स्थानों पर दुकानदारों के चालान किए गए।मूल्य निगरानी अभियान के तहत विभाग ने मार्च से जून तक जिलेभर में औचक निरीक्षण अभियान चलाया।

विधिक माप विज्ञान विभाग अंबाला प्रथम और द्वितीय के निरीक्षकों ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। विभाग के अनुसार, विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2011 के नियम 18(2) के तहत कोई भी रिटेलर या थोक विक्रेता पैकेट बंद सामान को उस पर अंकित रिटेल सेल प्राइस (एमआरपी) से अधिक कीमत पर नहीं बेच सकता।नियम का पालन सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं से अधिक वसूली पर रोक लगाने के लिए विभाग की ओर से यह विशेष अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि दुकानदारों को नियमों का पालन करने के निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व बेहतर शोध सुविधाओं को मजबूत करेंगे परिषद के फैसले: वीसी

*बीएएमएस इंटर्नशिप स्टाइपेंड 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये करने का प्रस्ताव मंजूर, सरकार को भेजा*

# आयुष विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने 42 एजेंडों पर लगाई मुहर

■ एक एसोसिएट प्रोफेसर को पदोन्नति, दो प्रोफेसरों को प्रथम एसीपी देने सहित कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद (एक्जीक्यूटिव काउंसिल) की 20वीं बैठक कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता द्वारा प्रस्तुत विश्वविद्यालय के प्रशासनिक, शैक्षणिक, वित्तीय एवं विकास कार्यों से जुड़े 42 महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक की शुरूआत 19वीं कार्यकारी परिषद की कार्यवाही की पुष्टि एवं एक्शन टेकन रिपोर्ट पर विचार-विमर्श से हुई। बैठक में प्रोफेसर डॉ. सतीश वत्स तथा प्रो. विदुषी त्यागी को निर्धारित सेवा अवधि पूर्ण करने पर प्रथम एसीपी प्रदान करने के प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकार किए गए। वहीं, क्रिया शरीर विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनीषा खत्री को प्रोफेसर पद पर पदोन्नत करने की मंजूरी दी गई। परीक्षा नियंत्रक प्रो. डॉ. हेतल दवे का प्रतिनियुक्ति कार्यकाल 31 जुलाई 2027 तक एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया। बैठक में बीएएमएस इंटर्नशिप स्टाइपेंड को 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए प्रतिमाह किए जाने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। कार्यकारी परिषद ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए अंतिम मंजूरी के लिए सरकार को भेजने का निर्णय लिया।



**कुरुक्षेत्र**। बैठक में मौजूद कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान। फोटो : हरिभूमि

### लिपिक भर्ती नीति में संशोधन

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई। साथ ही लिपिक भर्ती नीति में संशोधन, हाइब्रिड वाहनों की खरीद, बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम के संचालन नियम, निवेश समिति के पुनर्गठन और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के वार्षिक वर्दी भत्ते को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राथमिकता

कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि कार्यकारी परिषद द्वारा लिए गए निर्णय विश्वविद्यालय में सुशासन, पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान तथा आधारभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता एवं जवाबदेही बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।


एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल
कैंसर के इलाज में आपका भरोसेमंद साथी
NABH मान्यता प्राप्त

हर 3 में से 2 कैंसर मरीजों को रेडियोथेरेपी की आवश्यकता होती है।

रेडियोथेरेपी क्यों?
• शुरुआती स्टेज के कई कैंसर रेडियोथेरेपी द्वारा जड़ से ठीक हो जाते हैं
• सर्जरी के बाद रेडियोथेरेपी कैंसर के वापस आने की रिस्क कम करती है
• कैंसर के दर्द और ब्लीडिंग में रेडियोथेरेपी से अच्छा फायदा होता है

दूसरी राय के लिए एंड्रोमेडा आएं। इससे जान बच सकती है।

एंड्रोमेडा कैंसर हॉस्पिटल क्यों?
• आपके घर के नज़दीक • कम यात्रा
• विश्वस्तरीय कैंसर उपचार • कम खर्च

अत्याधुनिक तकनीक: Varian TrueBeam
सब-मिलीमीटर सटीकता | रैपिडआर्क® उपचार (2 मिनट से भी कम समय में) | IMRT | IGRT | SBRT
आधुनिक तकनीक द्वारा रेडियोथेरेपी के साइड इफेक्ट्स बहुत कम हो जाते हैं

विश्वस्तरीय रेडियोथेरेपी + विश्वस्तरीय मशीन + दिल्ली की तुलना में लगभग आधी दरों पर*

*दूसरी वर्षगांठ पर विशेष ऑफर

पैनल: ESIC, हरियाणा सरकार, CGHS, (CRPF, CAPF, दिल्ली पुलिस, SSG आदि)
9138111625
सुशांत सिटी, कुंडली, रसोई गाँव के पास, सोनीपत

## खबर संक्षेप

### मंदिर में नए प्रवेश द्वार निर्माण का लिया संकल्प



**तरावड़ी।** केएस ओवरसीज पंकज गोयल निदेशक द्वारा अपने पिता स्वर्गीय श्री सतपाल गोयल जी की 15 वी पुण्यतिथि पर प्रथम गुप्त नवरात्रि में सिद्धपीठ मां मनसा देवी में नए भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पंकज गोयल ने कहा कि माँ मनसा देवी माता का आशीर्वाद पूरे परिवार और संस्था पर बना रहे, इसी भावना से यह सेवा कार्य किया जा रहा है। मंदिर कमेटी ने पंकज गोयल व हर्ष गोयल के इस धार्मिक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा होगी। कार्यक्रम के अंत में माता रानी से सभी के सुख-समृद्धि की कामना की गई।

### जनसभा की तैयारियों में जुटे भाजपा पार्षद



**करनाल।** 17 जुलाई को जींद में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में पार्षदों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने विशेष रूप से भाग लेकर जनसभा की तैयारियों की समीक्षा की और सभी पार्षदों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित सभी पार्षदों ने जनसभा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया और संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का भरोसा दिलाया।

### एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित



**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सात हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल के कमांडिंग ऑफिसर के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि कौशल ही सफलता की वास्तविक पहचान है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में तकनीकी दक्षता, संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना तथा डिजिटल साक्षरता युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे निरंतर नए कौशल सीखते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

## सलारपुर सहित कई गांवों में निकासी व्यवस्था हुई ठप

# जलभराव से धान की फसल डूबी किसानों ने डीसी से लगाई गुहार

■ विशेष गिरदावरी व उचित मुआवजा देने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल**

लगातार हो रही बारिश के बाद जिले के गांव रीण्डल, सलारपुर और आसपास के क्षेत्रों में जलनिकासी व्यवस्था चरमराने से किसानों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। बरसाती नाले के ओवरफ्लो होने और पानी की निकासी नहीं होने के कारण सैकड़ों एकड़ में खड़ी धान की फसल पानी में डूब गई है। किसानों ने जिला उपायुक्त को शिकायत देकर तत्काल जलनिकासी कराने, फसलों का विशेष गिरदावरी सर्वे करवाने और उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि गांव जयरामपुर के पास खेतों की सुरक्षा के लिए लगाए गए अवरोध के कारण बरसाती पानी का प्राकृतिक बहाव रुक गया। इसका पूरा दबाव रीण्डल, सलारपुर और आसपास के खेतों की ओर बढ़ गया, जिससे खेत झील में तब्दील हो गए। करीब 20 दिन पहले रोपी गई धान की पौध लगातार पानी में डूबी रहने से गलने लगी है।

किसान नवीन भाटिया ने बताया कि धान की रोपाई पर बीज, खाद, दवाइयों, मजदूरी और सिंचाई सहित हजारों रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन अब पूरी फसल बर्बाद होने की कगार पर है।

किसान संदीप भाटिया ने कहा कि यदि जल्द पानी नहीं निकला तो दोबारा बुआई का भी समय नहीं बचेगा और लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ेगा।बरसात से पहले यदि नालों की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाती तो किसानों को इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। वहीं मुकेश कुमार ने कहा कि खेती ही उनके परिवार की आय का मुख्य स्रोत है और फसल खराब होने से कर्ज चुकाना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने सरकार से विशेष राहत पैकेज की मांग की।



करनाल। बैठक में बाढ़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों और ग्रामीण प्रतिनिधियों को दिशा-निर्देश देते एसडीएम देवेंद्र शर्मा।

### बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट

**करनाल।** हरिभूमि न्यूज:करनाल मानसून के दौरान संभावित बाढ़ और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने अपने कार्यालय में सरपंचों, ग्राम सचिवों, पटवारियों और नंबरदारों की बैठक लेकर सभी को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। जल भराव की आशंका वाले संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन तक पहुंचाई जाए। उन्होंने गांवों के नालों व ड्रेनों की समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि वर्षा का पानी बिना रुकावट निकल सके। बैठक में नंबरदारों और सरपंचों को ग्रामीणों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने तथा बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# आयुष्मान कार्ड बनाने, टीबी मरीजों की पहचान में तेजी लाने के निर्देश

■ उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल**

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) की समीक्षा बैठक में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने टीबी मरीजों की अधिक से अधिक जांच करने और पात्र लोगों के नए आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि जनवरी से मई तक जिले में 2625 टीबी मरीजों का उपचार शुरू किया गया, जबकि लक्ष्य 2208 था। उपचार बीच में छोड़ने वाले मरीजों की दर मात्र 0.7 प्रतिशत रही। उपायुक्त ने औषधि निरीक्षक को केमिस्ट एसोसिएशन के साथ बैठक कर निजी स्तर पर दवा लेने वाले मरीजों का रिकॉर्ड जुटाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि विशेष शिविर लगाकर पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड और आभा पंजीकरण कराए जाएं।

उन्होंने बरसात के मौसम को देखते हुए मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए सभी फॉगिंग मशीनों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।




करनाल। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार

### बनेगी विलेज वॉटर एंड सैनिटेशन कमेटी

**करनाल।** जिला जल एवं सीवरेज मिशन की बैठक में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सभी ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था के बेहतर संचालन के लिए विलेज वॉटर एंड सैनिटेशन कमेटी गठित करने के निर्देश दिए।

# छात्र प्रतीक हत्याकांड में तीन आरोपी हिरासत में

■ प्रेम प्रसंग और विवाद के एंगल पर जांच, सख्त कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल**

जिले के गांव धोलगढ़ में 10वीं कक्षा के छात्र प्रतीक कश्यप की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे स्कूल में हुए विवाद और एकतरफा प्रेम प्रसंग का एंगल सामने आया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि अभी किसी एक कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और सभी पहलुओं से जांच जारी है।

बुधवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने छात्र का शव परिजनों को सौंप दिया। गांव में युवक की हत्या के बाद शोक और आक्रोश का माहौल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार मृतक के घर पहुंचे तथा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मृतक की बहनों ने भावुक होते हुए कहा कि उनके भाई की बेरहमी से हत्या की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने प्रतीक को तड़पा-तड़पाकर मारा। परिवार ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### परिजनों ने उठाए सवाल

मृतक के परिजन विक्रम ने बताया कि प्रतीक एक सीधा-सादा और पढ़ाई में अच्छा छात्र था, जो नियमित रूप से स्कूल जाता था। उनके अनुसार जिस लड़की को प्रतीक जानता था, उसी लड़की को आरोपी भी पसंद करता था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बनी। हालांकि परिवार का कहना है कि इतनी छोटी बात के अलावा हत्या का कोई अन्य बड़ा कारण अभी सामने नहीं आया है। परिजनों ने बताया कि आरोपी स्कूल का छात्र नहीं है।

# स्कूल जा रही छात्रा को अगवा करने का प्रयास

■ बाइक सवार के पहुंचने पर भागा आरोपी, पुलिस जांच में जुटी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल**

शहर में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाने वाली एक घटना सामने आई है। बुधवार सुबह स्कूल जा रही एक छात्रा को अगवा करने का प्रयास किया गया।

घटना स्कूल से करीब 100 मीटर पहले हुई, जहां एक अज्ञात युवक ने छात्रा को कथित तौर पर रूमाल से बेहोश कर अपने साथ ले जाने की कोशिश की। हालांकि, उसी समय एक बाइक सवार के वहां पहुंच जाने से आरोपी घबरा गया और मौके से फरार हो गया। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। परिजनों के अनुसार सुबह करीब साढ़े सात बजे छात्रा की मां उसे स्कूल छोड़कर घर लौट आई थीं। कुछ देर बाद छात्रा को याद आया कि वह पानी की बोतल घर पर ही भूल गई है। वह बोतल लेने वापस घर आई और फिर अकेले स्कूल के लिए निकल गई।

इसी दौरान रास्ते में अज्ञात युवक ने उसे रोक लिया। बताया गया है कि आरोपी ने छात्रा के मुंह पर रूमाल रखकर उसे बेहोश करने का प्रयास किया। छात्रा कुछ समझ पाती, उससे पहले ही एक बाइक सवार वहां से गुजर गया। किसी के आने का आभास होते ही आरोपी मौके से भाग निकला।

# स्वनिधि और आवास योजना की प्रगति तेज करने के निर्देश दिए

■ निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल**

केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने बुधवार को नगरीय परियोजना अधिकारी शाखा की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों को निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा, पंजाब नेशनल बैंक के डिप्टी सर्कल हेड, अग्रणी जिला प्रबंधक तथा संबंधित शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में अब तक 9578 पथ विक्रेताओं को पहली, 3342 को दूसरी तथा 1207 लाभार्थियों को तीसरी ऋण किश्त जारी की जा चुकी है। 141 पथ विक्रेताओं को 30 हजार रुपये तक की सीमा वाले क्रेडिट कार्ड भी उपलब्ध कराए हैं।



## प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का दिखा शानदार संगम

# मेगा शो में निखरी प्रतिभाएं, युवाओं का हौसला बढ़ाया

■ महापौर रेणु बाला ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल**

डॉ. मंगलसेन प्रेक्षागृह में बुधवार को आयोजित 'करनाल्स बिगेस्ट मेगा शो-2026' में शहर की उभरती प्रतिभाओं ने अपनी कला, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं महापौर रेणु बाला गुप्ता ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक मंच युवाओं को अपनी पहचान बनाने, आत्मविश्वास विकसित करने और समाज में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि करनाल प्रतिभाओं की धरती है और यहां के युवाओं में अपार क्षमता मौजूद है। आवश्यकता केवल उन्हें सही दिशा, उचित मार्गदर्शन और बेहतर मंच उपलब्ध कराने की है।


महापौर ने कहा कि प्रतिभा तभी सार्थक होती है, जब उसे समाज के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिले। शैफी मेकओवर द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सौंदर्य, प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का सुंदर संगम रहा। इससे करनाल के युवाओं को अपनी कला और व्यक्तित्व का प्रदर्शन करने का प्रभावी मंच मिला, जिससे उनकी छिपी हुई प्रतिभा सामने आई। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने करनाल विधायक जगमोहन आनंद की धर्मपत्नी रेखा आनंद, आयोजक शैफी, मीना तथा अन्य गणमान्य नागरिकों से भी मुलाकात की।

उन्होंने आयोजन समिति की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करने के साथ-साथ नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं।




करनाल। डॉ. मंगलसेन प्रेक्षागृह में आयोजित 'करनाल्स बिगेस्ट मेगा शो-2026' में प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ातीं महापौर रेणु बाला गुप्ता।

### उपभोक्ता अपने अधिकारों को समझें: योगेश सरदाना



**तरावड़ी।** देश के लोगों को जागृत करने के लिए सरकार जहां उपभोक्ता फोरम बना रखी है, इसकी दूसरी तरफ हर वर्ष उपभोक्ता दिवस भी मनाया जाता है ताकि लोगों को उनके अधिकार के बारे में अवगत करवाया जा सके। जब तक हम लोग सामान की खरीद करते समय खुद सचेत नहीं हो जाते तब तक बात बनने वाली नहीं है। अगर हम किसी हलवाई की दुकान पर जाते हैं और कोई खाने का सामान खरीद करते हैं तो जब वह दुकानदार खाने के सामान का तोल करता है तो आप इस बात पर नजर रखें कहीं खाली डिब्बा तो उसमें तुल नहीं रहा है। आप किसी भी कंपनी का सामान ऑनलाइन परचेज करते हैं तो उसके साथ पक्का बिल भी आता है तथा साथ में गारंटी कार्ड भी आता है।

## न्यूज डायरी

### जनाना मंदिर के पुनर्निर्माण का भूमि पूजन आज

**तरावड़ी।** श्री श्याम सेवा समिति तरावड़ी के तत्वाधान में श्याम बाबा की कृपा से जनाना मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ किया जाएगा। यह शुभ अवसर 16 जुलाई गुरुवार को प्रातः 11:00 बजे बंसल केबल वाली गली, तरावड़ी में आयोजित होगा। समिति की ओर से समस्त श्याम भक्तों, नगर वासियों एवं श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। भूमि पूजन के साथ मंदिर के पुनर्निर्माण की शुरुआत होगी, जिससे श्रद्धालुओं को भविष्य में बेहतर धार्मिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। जानकारी देते हुए श्याम प्रेमी तरुण बंसल एवं नगरपालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल ने बताया कि यह मंदिर श्री श्याम सेवा समिति, तरावड़ी द्वारा श्रद्धालुओं के सहयोग से निर्मित कराया जा रहा है। उन्होंने सभी भक्तों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भूमि पूजन में शामिल हों, श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा मंदिर निर्माण के इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग दें।

### भक्ति रस में सराबोर हुए श्रद्धालु



**तरावड़ी।** मॉडल टाउन स्थित मनोकामना सिद्ध श्री प्रकट बालाजी मंदिर में समस्त भक्तजनों के कल्याण एवं सुख-समृद्धि की मंगलकामनाओं के साथ सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। धार्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने परिवार सहित शामिल हुए और पवन पुत्र श्री हनुमान जी की आराधना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर में श्री हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। मंदिर परिसर जय श्री राम और बजरंगबली के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा। भक्तों ने माता अंजनी के लाल एवं संकट मोचन श्री हनुमान जी का गुणगान करते हुए देश, समाज और परिवार की सुख-शांति, समृद्धि तथा मंगल की कामना की। मंदिर में पूरे समय भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालु भजनों और चालीसा पाठ में भाव-विभोर होकर भगवान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते रहे। इस अवसर पर देवेन्द्र कामरा, रणजीत भारद्वाज, संजय आनंद, पार्षद आत्मप्रकाश तथा ओमप्रकाश मल्होत्रा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कानूनी सहायता केंद्रों का निरीक्षण किया



**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मीनाक्षी यादव ने बुधवार को असंध स्थित सब डिविजनल लीगल सर्विसेज कमेटी का दौरा कर पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियरों से संवाद किया। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि वे अधिक से अधिक लोगों को मुफ्त कानूनी सेवाओं और नालसा की योजनाओं की जानकारी दें। इसके बाद उन्होंने सालवन और मूनक स्थित ग्रामीण कानूनी सहायता केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मीनाक्षी यादव ने बताया कि जिले के प्रत्येक ब्लॉक में ग्रामीण कानूनी सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां आम नागरिक मुफ्त कानूनी सलाह और पैनल अधिवक्ताओं की सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

### चार वार्डों में चला विशेष सफाई अभियान



**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई के हरियाणा दौरे को लेकर नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान को बुधवार को और गति दी गई। शहर के चार वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ पौधारोपण किया गया। वार्ड-3, वार्ड-7, वार्ड-12 और वार्ड-17 में नगर निगम की टीमों, जनप्रतिनिधियों, वार्ड समितियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने श्रमदान किया। सड़कों, गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई के साथ लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। स्वच्छ भारत अभियान अब जन-जन की जिम्मेदारी बन चुका है। वहीं निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने बताया कि अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने युवाओं से भी अभियान में शामिल होने की अपील की। निगमायुक्त ने बताया कि शहर में 31 अक्तूबर तक सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से फॉगिंग कराई जाएगी। बुधवार को वार्ड-10 की ओल्ड व न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-13 और सेक्टर-13 एक्सटेंशन में फॉगिंग करवाई गई।

### सामाजिक समरसता का दिया संदेश



**करनाल।** सदर बाजार स्थित दराबी लाइन में मां जगदंबा सेवा संगठन की ओर से आयोजित भव्य मां भगवती जागरण में बुधवार देर शाम महापौर रेणु बाला गुप्ता ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। उन्होंने मां भगवती के श्रीचरणों में शीश नवाकर प्रदेश और नगरवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य तथा खुशहाली की मंगलकामना की। जागरण के दौरान पूरा परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक माहौल से सराबोर रहा तथा मां के भजनों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि मां भगवती की कृपा से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना का संचार होता है। इस अवसर पर शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, अमित आहूजा, प्रवीण काकू, राहुल भटनागर, सन्नी, मोहित वैद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया

**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, सेक्टर-13 में बुधवार को पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए विद्यालय परिसर में पौधे लगाए और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर 100 से अधिक पौधे रोपे। इस अवसर पर सपना पुरी, दलीप सिंह, सियाराम, पूनम, प्रोमिला, अनामिका, गीता, अंजू डागर, सुमन, कमलेश, सुनील सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### आजाद की जयंती 23 को इंद्री में मनाई जाएगी

**इंद्री।** भारत नवनिर्माण सेना हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष पंडित धर्मपाल शांडिल्य ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती ब्राह्मण धर्मशाला इंद्री में 23 जुलाई को मनाई जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे हवन यज्ञ से की जाएगी व कार्यक्रम मे सभी शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया जाएगा। धर्मपाल शांडिल्य ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी वर्ग, धर्म व राजनीतिक दलों के लोग पहुंचते है। इस कार्यक्रम में भारत नव निर्माण सेना हरियाणा के सदस्य व हल्के की जनता का विशेष सहयोग रहता है। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की।

### दस माह से बिछुड़े व्यक्ति को उसके भाई से मिलाया



**घरौंडा।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख संत गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसां के सेवादारों ने दस माह से बिछुड़े व्यक्ति को उसके भाई से मिलाया। एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र ब्रांच संगरिया की शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादार लाल चंद,महेश गोयल, विजय चुघ नविन्द्र सेठी अपनी गाड़ी से बिहार निवासी धर्मेंद्र को लेकर जिला करनाल के कम्बोपुरा स्तिथ एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र पहुँचे व उसके भाई कौशल साहनी को करनाल के सेवदारों की उपस्थिति में सौंप दिया। भाई से मिलकर दोनों भाई बड़े खुश हुये और उन्होंने पूज्य गुरूजी संत डॉ राम रहीम सिंह जी इंसां व सेवादारों का कोटि कोटि धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप

### लापता युवक का तालाब से शव मिला

**पानीपत।** पानीपत के निकटतर्वी गांव रिसालू में निवास का रहे सुशील कुमार मूल निवासी उत्तर प्रदेश का शव बुधवार को गांव की शमशान भूमि के पास तालाब से बरामद हुआ। वहीं, सुशील मंगलवार की रात संदिग्ध हालात में घर से लापता हो गया था। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने जांच के बाद सुशील के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। वहीं, मृतक के भाई का आरोप है कि सुशील की मारपीट कर हत्या की गई और शव को तालाब में फैंका गया है। दूसरी ओर, पुलिस का कहना है कि सुशील के शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

### हाउस मेड को नग्न कर पीटने का आरोप

**पानीपत।** फुटवियर कारोबारी दीपक गोयल व इनकी पत्नी ममता गोयल के घर से 24 हजार रूपये की नगदी चोरी होने के मामले में हाउस मेड शहनाज ने दोनों पर उसे तलाशी के नाम पर नग्न कर मारपीट करने का आरोप लगाया। जबकि गोयल दंपत्ति ने शहनाज के आरोपों को खारिज करते हुए उस पर घर से नगदी चोरी का आरोप लगाया है। वहीं, दोनों पक्ष थाना चांदनी बाग भी गए थे।

### केंद्र की नीतियां जनविरोधी : सुनील दत्त

**पानीपत।** किसान और मजदूर संगठनों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ 22 से 24 जुलाई तक कृषि डील के विरोध में प्रदर्शन किए जाएंगे। वहीं, आंदोलन को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा, सीटू, अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में राज्यपाल गाहल्याण, सुनील दत्त, डॉ.सुरेंद्र मलिक, राजपाल, राजेंद्र छोकर, सुनील दत्त, अंग्रेज सिंह, जय भगवान, नवीन सपरा आदि उपस्थित रहे।

### गोवंश की सेवा कर रही है समिति

**पानीपत।** पानीपत के गांव निम्बरी में ऊझा रोड सोमनाथ धाम के पास शिव नंदी गाय उपचार सेवा समिति के सेवादारों द्वारा घायल गोवंश की सेवा की जा रही है। समिति के प्रधान बाबा नाथ काला पहलवान के साथ सेवादार रवि, रिंकू, संदीप, कृष्ण पहलवान आदि गौ माता व नंदी की सेवा में जुटे हुए हैं। घायल पशुओं को उपचार के लिए लाने के लिए पशु एंबुलेंस का भी प्रबंध किया गया है।

### पुलिस ने ठगी का आरोपी किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए-टू पुलिस ने एटीएम कक्ष में मशीन से रूपये निकालने आए लोगों की मदद करने के बहाने उनका डेबिट कार्ड बदलकर ठगी करने वाले सुनील निवासी गांव रैनकपुर जिला रोहतक को गिरफ्तार किया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में आरोपी से पानीपत की दो वारदातों का खुलासा हुआ। दोनों वारदात बारे थाना मॉडल टाउन में न्यू मॉडल टाउन निवासी रणधीर और थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर-29 में विकास नगर निवासी बलजीत की शिकायत पर केस दर्ज है।

## जोंधन खुर्द गांव बनेगा आधुनिक मिनी सिटी

# 35 एकड़ में विकसित होगी रिहायशी कॉलोनी : पंवार

कॉलोनी आधुनिक आधारभूत सुविधाओं से सुसज्जित होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


पानीपत। केबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार विकास कार्यों को लेकर बैठक करते हुए।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बुधवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले में चल रहे विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मंत्री पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को आधुनिक सुविधाओं से जोडने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जोंधन खुर्द गांव में 35 एकड़ से अधिक क्षेत्र में अत्याधुनिक रिहायशी कॉलोनी विकसित की जाएगी। यह कॉलोनी आधुनिक आधारभूत सुविधाओं से सुसज्जित होगी और सुनियोजित विकास के साथ तैयार की जाएगी। सरकार की तरफ से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। जोंधन खुर्द गांव मिनी शहर के रूप में विकसित होगा। बैठक में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ, अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे, जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीआरओ कनव लाकड़ा, डीटीपी पंकज बेनीवाल, तहसीलदार नरेंद्र दलाल आदि उपस्थित रहे।

### रिफाइनरी से तेल चोरी में पांच पर केस दर्ज

पानीपत। पानीपत स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स में हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) चोरी करने और कॉर्पोरेशन के ऑटोमेशन सिस्टम के साथ छेड़छाड़ के मामले में थाना सदर पुलिस ने कॉन्ट्रैक्ट वर्कमैन जय कुमार निवासी गांव मतलौडा, जसपाल सिंह निवासी गांव ददलाना व पंकज निवासी गांव छिछड़ाना जिला पानीपत व टैंकर चालक प्रकाश निवासी मुरथल कॉलोनी, पाना मुंडाना, सोनीपत और खलासी विक्रम निवासी मॉडल टाउन, पानीपत पर केस दर्ज किया है। आरोपियों ने मिलीभगत कर टैंकर में तय मात्रा से अधिक डीजल की ओवरफिलिंग कर तेल चोरी को अंजाम दिया।

## हरकोफैंड ने गांव दरियापुर में किसानों को पशुपालन के प्रति किया जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


पानीपत। हरकोफैंड के विशेषज्ञ गांव दरियापुर के किसानों को जागरूक करते हुए।

हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक फेडरेशन (हरकोफैंड) द्वारा बुधवार को गांव दरियापुर में आयोजित किसान जागरूकता शिविर में सहकारिता, आधुनिक पशुपालन, प्राकृतिक खेती तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं, शिविर में हरकोफैंड के शिक्षा अनुदेशक प्रवेश कुमार ने किसानों को सहकारिता आंदोलन की विस्तृत जानकारी देते हुए सहकारिता को अपनाने पर बल दिया। जबकि मुख्य वक्ता डॉ. राजेंद्र सिंह ने पशुपालन को किसानों की अतिरिक्त आय का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि गाय माता प्राकृतिक खेती की आधारशिला है, क्योंकि गोबर एवं गोमूत्र खेती की लागत कम करने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. जोरा सिंह मलिक ने प्राकृतिक खेती के साथ आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। शिविर में सुल्तान सिंह पाक्स मैनेजर उरलाना के साथ बडी संख्या में किसान उपस्थित रहे।


पानीपत। पुलिस टीम नशे के विरूद्ध युवाओं को शपथ दिलवाते हुए।

### पुलिस का नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

पानीपत। पानीपत जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को पुलिस की नशा मुक्त अभियान टीम गांव भैंसवाल पहुंची। टीम ने गांव के सरकारी स्कूल विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। इसके बाद गांव में डोर-टू-डोर जाकर ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि नशे के सेवन से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन प्रभावित होता है। इससे स्वास्थ्य खराब होने के साथ-साथ शिक्षा और भविष्य पर भी विपरीत असर पड़ता है। विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करेंगे।


पानीपत। डाहर टोल प्लाजा पर मालपुर किसान मजदूर यूनियन के पदाधिकारी प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## किमयू ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत के डाहर टोल प्लाजा पर मालपुर किसान मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध किया। किसानों ने पानीपत के उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ को ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में केंद्र सरकार से इस व्यापार समझौते को रद्द करने की मांग की गई। वहीं, यूनियन के अध्यक्ष सोनू मालपुरिया ने कहा कि भारत सरकार अमेरिका के साथ जिस व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाली है, वह छोटे किसानों, व्यापारियों, पशुपालन और पोल्ट्री उद्योगों सहित अन्य छोटे कामगारों को खत्म कर देगा। इस ट्रेड डील भी देश के छोटे किसानों, मजदूरों, पोल्ट्री और पशुपालन उद्योगों को खत्म कर देगी। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि इसके बाद अमेरिकी उत्पाद भारतीय बाजार में महंगे दामों पर बेचे जाएंगे। यूनियन ने सरकार से इस डील को तत्काल रद्द करने की मांग की है, चेतावनी दी कि ऐसा न होने पर किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### सिद्धार्थ नगर से महिला और चार बच्चे लापता

**पानीपत।** पानीपत के सिद्धार्थ नगर से विवाहिता अपने तीन बच्चों व जेठ के लडके के साथ संदिग्ध हालात में लापता हो गई। महिला के पति ने अपनी पत्नी और चारों बच्चों के अपहरण की आशंका जताई है। उन्होंने थाना पुराना औद्योगिक थाना पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने पांचों की गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में ग्रामीण की मौत, छाया मातम

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर गांव शिमला मुलाना के मोड के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 24 वर्षीय रामकुमार निवासी गांव महमूदपुर जिला पानीपत की मौत हो गई। वहीं, थाना हुडा सेक्टर 13-17 पुलिस ने जांच के बाद रामकुमार के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल थी। जबकि मृतक के भाई सोमनाथ की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सफलता मेहनत से मिलती है शॉर्टकट से नहीं : सहरावत

■ पाइट में म्यूजिकल टॉकशाला में छात्रों को गीतों से सफलता के मंत्र दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा


पानीपत। पाइट में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए मोटिवेशनल स्पीकर, कमेंटेटर, गायक पदमजीत सहरावत। फोटो : हरिभूमि

हम आमतौर पर भगवान से बहुत थोड़ा मांगते हैं या मांगने में संकोच करते हैं। अगर भगवान से कुछ चाहिए तो केवट की तरह सोचकर मांगें। केवट ने नदी पार कराने के बदले केवल धन नहीं मांगा, बल्कि प्रभुश्री राम से कहा कि आज मैंने आपको इस पार उतारा है, दूसरे लोक में आप मुझे पार लगा देना। श्रीराम चरित मानस की चौपाई सुनाते हुए प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर, कमेंटेटर एवं गायक पदमजीत सहरावत ने बुधवार को पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) में म्यूजिकल टॉकशाला में विद्यार्थियों को गीतों, किस्सों व प्रेरक प्रसंगों से जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इंसान को मेहनत के बल पर ही तरक्की मिलती है, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। दूसरों को दोष ना दे, अपनी कमियों को दूर करते हुए सद्भावना के साथ आगे बढे। उन्होंने कहा कि असफलता अंत नहीं, बल्कि सीखने का अवसर है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का सम्मान करना हर विद्यार्थी का पहला कर्तव्य है। वहीं, हर व्यक्ति को राम जैसा भाई और बेटा बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने क्षमा के महत्व को बताते हुए कहा कि विनम्र बनें और माफ करना सीखें, क्योंकि माफ करने से दो लोग मुक्त होते हैं। इस अवसर पर पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, साइबर सिक्योरिटी विभागाध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा, पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सुरेश तायल, शुभम तायल, डॉ.जेएस सैनी, डॉ.बीबी शर्मा, डॉ.विनय खत्री आदि उपस्थित रहे।

### बीएलओ मतदाताओं को फोक्स रखकर पहुंचेंगे घर-घर: उपायुक्त

**थानेसर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग की तरफ से एन्यूमरेशन फार्म जमा करवाने की तारीख को 24 जुलाई तक बढ़ा दिया है। इस दौरान शेष बचे 115502 मतदाताओं का एन्यूमरेशन फार्म डिजिटाइज करने के लिए घर-घर जाएंगे। इसके अलावा नागरिक भी बीएलओ से संपर्क करके अपना एन्यूमरेशन फार्म जमा करवा सकते हैं। उपायुक्त ने बीएलओ, बीएलए और एसआईआर से कार्य से जुड़े तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब एसआईआर का कार्य 24 जुलाई तक चलेगा और 31 जुलाई को ड्राफ्ट सूची प्रकाशित की जाएगी। इस सूची में जो भी कमियां, खामियां होंगी, उनको दुरुस्त करवाने के लिए 31 जुलाई से 30 अगस्त तक एआरओ को जमा करवा सकते हैं।

## ट्रेड डील के विरोध में किसानों ने निकाली बाइक रैली, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



भारत-अमेरिका प्रस्तावित मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते के विरोध में बुधवार को देश बचाओ मोर्चा के बैनर तले किसानों, मजदूरों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मोटरसाइकिल रैली निकाली। यह रैली विभिन्न मार्गों से होती हुई लघु सचिवालय पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौता देश के किसानों, खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों और लघु उद्योगों के हितों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। उनका कहना था कि यदि यह समझौता लागू किया गया तो भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ज्ञापन में केंद्र सरकार से मांग की गई कि भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए तथा किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों की अनदेखी करती है तो देश बचाओ मोर्चा के नेतृत्व में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद का गठन

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद मंडल के शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ.आदित्य कुमार, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। वहीं, छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को बैज एवं सैश पहनाकर शपथ दिलाई गई।

### जनवादी समिति ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**पानीपत।** महिला आरक्षण विधेयक को मानसून सत्र में लागू करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने माकपा के जिला सचिव का.सुरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

## भगवान श्री जगन्नाथ के रथ यात्रा महोत्सव में उमड़े भक्त, 105 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत


पानीपत। श्री जगन्नाथ मंदिर में रक्तदान कर रहे श्रद्धालुओं का हौसला बढ़ाते हुए अतिथि।

पानीपत। श्री जगन्नाथ मंदिर पंचायत अग्रवाल वैश्य द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ की 138वीं वार्षिक रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। बुधवार को इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा तथा भगवान बलदेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री जगन्नाथ मंदिर पंचायत के प्रधान रोहित गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष भी रथ यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। वहीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज भारतीय सेना के जवानों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सेना की रक्त एकत्रित करने वाली टीम मंदिर में पहुंची व 105 युनिट रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर भावना सिंगला, चंचल कंसल, ममता मित्तल, कन्हैया गुप्ता, आनंद गुप्ता, प्रदीप तायल, रजनीश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, लालचंद तायल, जयपाल कंसल, गौरव गुप्ता, हितेंद्र कंसल, अशोक कैलाशी, जेपी शर्मा, अमरनाथ गुप्ता, कमल कंसल, दीपक गोयल, कुलदीप गोयल, सतीश सैनी आदि का विशेष सहयोग रहा। वहीं गायक चित्र विचित्र ने श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ के भजनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। जबकि भंडारे में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम | केयू में कुलगुरु ने जारी किया हिंदी विभाग का 2026-27 का गतिविधि कैलेंडर

# हिंदी विभाग का गतिविधि कैलेंडर छात्रों के सर्वांगीण विकास का बनेगा आधार

विभाग की शैक्षणिक कार्य संस्कृति को नई दिशा देने का करेगा काम

■ फरवरी माह में कृष्णा सोबती एवं सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। हिंदी विभाग का गतिविधि कैलेंडर जारी करते कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए तैयार गतिविधि कैलेंडर का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बुधवार को विमोचन किया। विभागाध्यक्ष डॉ. एम. एस. पूनिया के नेतृत्व में तैयार इस कैलेंडर में जनवरी से दिसंबर तक आयोजित होने वाली साहित्यिक, सांस्कृतिक, अकादमिक और शोध गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि गतिविधि कैलेंडर विभाग की शैक्षणिक कार्य संस्कृति को नई दिशा देने के साथ-साथ विद्यार्थियों और शोधार्थियों को पूरे वर्ष योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करेगा। कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में भाषा, साहित्य, संस्कृति, शोध और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता विकसित करना भी है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप भारतीय भाषाओं और भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। हिंदी विभाग का यह गतिविधि कैलेंडर विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, शोध अभिरुचि, अभिव्यक्ति क्षमता और नेतृत्व कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पूरे वर्ष की गतिविधियों का पूर्व निर्धारण होने से कार्यक्रम अधिक व्यवस्थित होंगे तथा विद्यार्थियों की भागीदारी भी बढ़ेगी। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि गतिविधि योजना 2026-27 को इस प्रकार तैयार किया गया है कि प्रत्येक माह किसी न किसी महत्वपूर्ण साहित्यकार, भाषा दिवस अथवा सांस्कृतिक विषय को केंद्र में रखकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गतिविधि योजना के अनुसार 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस तथा 30 जनवरी को जयशंकर प्रसाद जयंती मनाई जाएगी। फरवरी माह में कृष्णा सोबती एवं सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। मार्च में अज्ञेय तथा महादेवी वर्मा की जयंती पर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। अप्रैल में मन्नू भंडारी जयंती और गुरु नानक देव विषयक संगोष्ठी आयोजित होगी, जबकि मई में महावीर प्रसाद द्विवेदी तथा सुमित्रानंदन पंत की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर डीन प्रो. सुनीता सिरोहा, डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. वंदना, डॉ. जसबीर सिंह, डॉ. हरिओम फुलिया, शोधार्थी नरेश व योगेश मौजूद रहे।

फोटो परिचय


पानीपत। जेल में पौधे रोपते हुए जज वर्षा शर्मा व जेलर संजीव आदि।

### पौधे रोप कर जेल में लगाई लोक अदालत

**पानीपत।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा शर्मा की देखरेख में हुआ। वहीं, लोक अदालत में चोरी के एक केस का आपसी सहमति एवं विधिक सहायता के माध्यम से निस्तारण हुआ। वहीं, विचाराधीन बंदी को जेल से रिहा किया गया। लोक अदालत संपंन होने के बाद पौधारोपण अभियान चलाया गया। जज वर्षा शर्मा व जेलर संजीव कुमार ने पौधे रोपे। जज वर्षा के आह्वान पर जेलर संजीव कुमार ने कहा कि जेल में तेजी से पौधारोण चल रहा है और आने वाले सालों में जेल परिसर हरियाली से लबरेज होगा।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

विवेक गुप्ता सुपुत्र श्री प्रवीन गुप्ता निवासी 1156 से 0 24 हुडा पानीपत बनाम

**जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि विवेक गुप्ता सुपुत्र श्री प्रवीन गुप्ता निवासी मकान नम्बर 1156 से0 24 हुडा पानीपत ने एक वसीयतनामा वसीका नम्बर 646/3 दिनांक 9.1.2026 के आधार पर ट्रांसफर डीड अपनी धर्मपत्नी श्रीमति श्रुति गुप्ता धर्मपत्नी श्री विवेक गुप्ता के नाम करवाने के लिये इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्रीमति मधु गुप्ता धर्मपत्नी श्री प्रवीन कुमार का दिनांक 5.04.2026 को स्वर्गवास हो चुका है । मृतक ने अपने जीवनकाल मे ही वसीयतनामा वसीका नम्बर 646/3 दिनांक 9.1.2026 कार्यालय एस आर साहब पानीपत से रजिस्टर्ड करवाई गई है। जिसके अनुसार पूरी चल अचल सपंति का दावेदार अपने एक मात्र पुत्र विवेक गुप्ता सुपुत्र श्री प्रवीन को बताया गया है । इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतका की वसीयत की बाबत किसी व्यक्ति को कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय मे किसी भी कार्ट दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर ट्रान्सफर डीड रजिस्टर्ड कर दी जावेगी ।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 14.7.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

**खबर संक्षेप**

### लूट के आरोपी से नकदी और कागजात बरामद

**अंबाला।** सीआईए-1 ने दुर्गानगर महेशनगर से नकदी व दस्तावेज लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को काबू किया है। सीआईए-1 प्रभारी निरीक्षक परमवीर ने बताया कि शिकायतकर्ता कैलाश चंद ने 20 जून को शिकायत दी थी कि 19 जून को दुर्गा नगर महेशनगर से तीन आरोपी ने उसकी जेब से नकदी, पैनकार्ड, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज लूट लिए। आरोपी मौका से भाग गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

**अंबाला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में कमल धीमान, लीगल एड काउंसिल, डीएलएसए द्वारा राजकीय वमावि, दुराना में एक विधिक जागरूकता शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों को यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पोक्सो एक्ट) के उद्देश्य एवं प्रावधानों की जानकारी दी । बताया कि कानून के अनुसार किशोर द्वारा दी गई सहमति को वैध सहमति नहीं माना जाता।

### लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश

**शहजादपुर।** निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (अभियान का संशोधित शेड्यूल जारी किए जाने के बाद नारायणगढ़ विस क्षेत्र के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) एवं एसडीएम शिवजीत भारती ने सभी सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों तथा चुनाव सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में अभियान की प्रगति की समीक्षा करते लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। भारती ने सभी एईआरओ को निर्देश दिए।

### पीएम मोदी की यात्रा से उत्साह का माहौल

**शहजादपुर।** आगामी 17 जुलाई को जींद में आयोजित होने वाली माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा एवं देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन के राष्ट्र समर्पण कार्यक्रम को लेकर विधानसभा क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए क्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के भाई एवं नंबरदार सुरेश पाल भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जींद के लिए रवाना होंगे। नंबरदार सुरेश पाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा दौरा प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

### विशेष लोक अदालत 18 जुलाई को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 18 जुलाई को जिला न्यायालय परिसर (एनआईएक्ट) से संबंधित मामलों हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य धारा 138 एनआईएक्ट से संबंधित लंबित मामलों का आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्वरित निपटारा करना है।

## हाईवे के रखरखाव और सुरक्षा कार्यों में हो रही ढिलाई पर जताई नाराजगी

# नेशनल हाईवे की बदहाली पर एसडीएम सख्त, एनएचएआई को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा

राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार सामने आ रही अव्यवस्थाओं और सड़क सुरक्षा संबंधी खामियों को लेकर एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने कड़ा रुख अपनाया। बुधवार को एनएचएआई अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने हाईवे के रखरखाव और सुरक्षा कार्यों में हो रही ढिलाई पर नाराजगी जताते हुए लंबित कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए।एसडीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि हाईवे पर जहां-जहां सड़क क्षतिग्रस्त है, वहां तुरंत पेचवर्क कराया जाए। खराब और अपर्याप्त स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि रात के समय हादसों की आशंका कम हो। उन्होंने सड़क किनारे बने नालों और ड्रेनों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा उनमें जमी गाद को तत्काल हटाकर जल निकासी व्यवस्था सुचारु करने के आदेश दिए, जिससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या न बने। इस दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर भी कड़े निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कल्वेट, माइनर ब्रिज और ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। साथ ही हाईवे किनारे हुए अवैध कब्जों को हटाने और दुर्घटनाओं का कारण बन रहे अवैध कटों को तत्काल बंद कराने के निर्देश भी दिए। एसडीएम ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षित, सुगम और बाधारहित यातायात सुनिश्चित करना प्रशासन और एनएचएआई दोनों की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सभी निर्देशों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा।


बराड़ा। एनएचएआई के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम ।


बराड़ा। पॉलीथिन से ढकी गई नाले से निकली गंदगी।

### दुकानदारों के साथ-साथ ग्राहकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही

**बराड़ा।** नगर पालिका की सफाई व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। बारिश से पहले जल निकासी के इंतजामों के बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन हकीकत बाजार में दुकानों के सामने पड़े गंदगी के ढेर बयां कर रहे हैं। नाले की सफाई तो कर दी गई, मगर उसमें से निकाली गई गाद और कचरा पिछले करीब एक सप्ताह से सड़क किनारे ही पड़ा है। इससे पूरे बाजार में दुर्गंध फैल रही है और दुकानदारों के साथ-साथ ग्राहकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। दुकानदारों का कहना है कि नगरपालिका की टीम जेसीबी से नाले की सफाई कर चली गई, लेकिन निकाली गई गंदगी को उठाने की जहमत नहीं उठाई। नतीजतन दुकानों के सामने कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं। दुर्गंध के कारण ग्राहकों का आना कम हो गया है और व्यापार प्रभावित हो रहा है। कई दुकानदारों ने मजबूरी में इन ढेरों को पॉलीथिन से ढक दिया है ताकि बदबू कुछ कम हो सके और गंदगी दोबारा नाले में न जाए। लोगों का कहना है कि यदि आगामी दिनों में बारिश हुई तो यही गंदगी फिर नालों में बह जाएगी और सफाई अभियान केवल दिखावा बनकर रह जाएगा। उनका आरोप है कि प्रशासन हर साल बारिश के समय ही सक्रिय होता है, जबकि पूरे वर्ष नालों की नियमित सफाई और रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता।

#### मीटिंगों में सख्ती, मैदान में ढिलाई

एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने नगर पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेकर शहर की सफाई व्यवस्था, जनसुविधाओं और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर में कहीं भी कूड़े के ढेर दिखाई नहीं देने चाहिए, प्रत्येक वार्ड में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा अधिकारी स्वयं फील्ड में जाकर निरीक्षण करें। साथ ही बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने और पुलियों व नालों की नियमित सफाई के भी निर्देश दिए।

## पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प



- डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में तीन दिन से चल रहा था कार्यक्रम, एसएचओ ने छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा

डीएवी. सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में 3 दिवसीय 'वन महोत्सव' के भव्य समापन पर मुख्य अतिथि एसएचओ राम करण ने भी पौधारोपण किया। उनके साथ प्रिंसिपल व शिक्षकों ने पेड़ लगाकर किया पर्यावरण चेतना का 'शंखनाद किया। राष्ट्रीय युवा समाज के अध्यक्ष तथा देशभर में 'नो नशा नेशन' एवं 'नो नशा मिशन' अभियान के जनक व प्रणेता योगी सूरी के कुशल नेतृत्व में अनूठी पहल के अंतर्गत अध्यापकों द्वारा पिछले तीन दिनों से चल रहे भव्य 3 दिवसीय 'वन महोत्सव' और सामाजिक-पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य समापन अवसर पर आए हुए मुख्य अतिथि गणों ने स्कूल के विशाल मैदान में सामूहिक रूप से नए पौधे व पेड़ लगाकर की, जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य, सभी शिक्षक और अध्यापक पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। इसी कड़ी में जागरूकता को आगे बढ़ाते हुए कक्षा नौवीं व दसवीं के छात्र व छात्राओं ने 'नो नशा नेशन' विषय पर एक अत्यंत सुंदर, विचारोत्तेजक और प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया, जिसने सभा में मौजूद सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

#### नशे से दूर रहें युवा

समारोह के मुख्य समापन अवसर पर बराड़ा थाना प्रभारी राम करण सैनी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेष आगमन कर कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। मंच से छात्रों को संबोधित करते राम करण ने युवाओं और छात्रों को नशे जैसी भयानक सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए अलग-अलग उदाहरणों व विभिन्न व्यवहारिक तरीकों से विस्तारपूर्वक समझाया। साथ ही कहा कि एक अच्छे और आदर्श समाज का निर्माण पूरी तरह से बच्चों के भीतर छुपे मेहनत, अनुशासन, धैर्य, आदर और सही संस्कारों पर निर्भर करता है।

## कैंटोनमेंट बोर्ड एरिया में काम करने वाले दुकानदारों को लेना होगा ट्रेड लाइसेंस

- 100 से ज्यादा दुकानदारों को जारी किए गए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

कैंटोनमेंट बोर्ड ने क्षेत्र में बिना वैध ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रहे दुकानदारों और कारोबारियों के खिलाफ सख्ती करने का फैसला किया है। बोर्ड ने सभी व्यवसायियों को चेतावनी दी है कि वे अनिवार्य रूप से अपना ट्रेड लाइसेंस बनवा लें अन्यथा सख्त दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इस अभियान के पहले चरण में लापरवाही बरतने वाले 100 दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक नियमानुसार प्रत्येक दुकानदार को हर साल ट्रेड लाइसेंस लेना या उसका नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। पहले यह प्रक्रिया नियमित रूप से चलती थी लेकिन पिछले कुछ वर्षों से प्रशासनिक सुस्ती और दुकानदारों की अनदेखी के चलते यह व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ गई थी। अब बोर्ड ने इसे पुनर्जीवित करते हुए अवैध रूप से चल रहे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर नकेल कसने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने कार्रवाई की रूपरेखा तय कर दी है।

#### सख्त दंडात्मक कार्रवाई का करना पड़ेगा सामना

बता दें कि ट्रेड लाइसेंस स्थानीय नगर निगम, नगर परिषद, कैंटोनमेंट बोर्ड क्षेत्र या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया एक आधिकारिक परमिट है जो किसी व्यक्ति या कंपनी को एक निश्चित स्थान पर व्यवसाय शुरू करने की अनुमति देता है। यह सुनिश्चित करता है कि उनका व्यवसाय सुरक्षा मानकों, स्वास्थ्य नियमों और स्थानीय कानूनों का पालन कर रहा है। ट्रेड लाइसेंस बनवाने का खर्च मुख्य रूप से व्यापार के प्रकार, दुकान या ऑफिस के आकार और स्थान पर निर्भर करता है। आमतौर पर छोटे व्यवसायों जैसे किराना दुकान, सैलून के लिए इसका वार्षिक खर्च 500 से 1500 रुपये के बीच होता है, जबकि बड़े उद्योगों या रेस्त्रां के लिए यह 10 से 15,000 रुपये या उससे अधिक हो सकता है।

## गोल्डन लायंस क्लब ने किया पौधरोपण

**चंडीगढ़।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए, गोल्डन लायंस क्लब ने बुधवार को मनीमाजरा के दो स्कूलों में एक 'संयुक्त पौधारोपण अभियान' का सफल आयोजन किया।इस अभियान के तहत संस्था ने मनीमाजरा सेक्टर-13 के गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल पॉकेट न 8 एंड गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल मनीमाजरा टाउन में कुल 250 औषधीय, फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। इसके बारे में गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल पॉकेट न 8 की प्रधानाध्यपिका इंदु बब्बर ने बताया कि बुधवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने स्थानीय स्कूली विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया , इस पौधा रोपण का उद्देश्य नई पीढ़ी को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना है।इसी प्रकार संस्था ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनीमाजरा टाउन में भी पौधा रोपण किया।वहीं इस कार्यक्रम में के बारे में पीकेएल प्रीमियर क्लब के अध्यक्ष अनु भार, निशा सचदेवा, पीडीपी के मंजीत भामरा, आशा काहलों, ललिता भोला व क्लब के प्रतिनिधियों ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें बड़ा होते हुए देखना है।





## देश भगत विवि के कुलाधिपति डॉ. जोरा सिंह को ब्रिटेन की संसद में किया सम्मानित

**गोबिंदगढ़।** देश भगत विवि को यह घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि उसके माननीय कुलाधिपति डॉ. जोरा सिंह को लंदन स्थित ब्रिटेन की संसद में आयोजित प्रतिष्ठित 10वें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (डब्ल्यूबीआर) शिखर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन में भारत, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, स्कॉटलैंड, आयरलैंड, नेपाल, ग्रीस, पोलैंड, बुल्गारिया तथा अनेक अन्य देशों से आए प्रतिनिधियों एवं विशिष्ट व्यक्तित्वों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य नेतृत्व, शिक्षा, नवाचार, सामाजिक सेवा, उद्यमिता, स्वास्थ्य सेवा, विज्ञान, वित्त, आरोग्य, कला तथा लोकसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान का सम्मान करना था। वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर्स एसोसिएशन का भी शुभारंभ किया गया, जो विश्वभर के रिकॉर्ड धारकों, नवप्रवर्तकों, शोधकर्ताओं तथा परिवर्तन के अग्रदूतों को एक साझा मंच पर जोड़ते विभिन्न क्षेत्रों एवं देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करेगा।

## टेट की अनिवार्यता खत्म हो, पुरानी पेंशन को जल्द लागू करे सरकार

- राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर मदद की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला


अंबाला। सांसद को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ अंबाला के क्रांतिकारी साथियों ने 2009 से पहले शिक्षा विभाग में नौकरी में आए अध्यापक साथियों के लिए टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने तथा पुरानी पेंशन की बहाली हेतु लोकसभा सांसद वरुण मुलाना को अंबाला शहर में उनके निवास स्थान पर ज्ञापन सौंपा संघ के जिला महासचिव प्रकाश गिल ने बताया कि सांसद ने इन दोनों मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की एवं आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ।जिला प्रधान मदनलाल ने बताया कि सांसद ने सरकारी विद्यालयों की स्थिति तथा जिला में जेबीटी अध्यापकों की भारी कमी पर विस्तार से चर्चा की एवं हरियाणा प्रदेश में चल रहे एसआईआर के कार्य में सभी बीएलओ अध्यापक साथियों के कार्य की सराहना की व गर्मी के मौसम में उनकी कड़ी मेहनत को सराहा।

**न्यूज डायरी**

### गणना प्रपत्र जमा करने की समय-सीमा बढ़ी

**अंबाला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 24 जुलाई, 2026 कर दी गई है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रिवाईजड शेड्यूल (एसआईआर-2026) के अनुसार मतदान केंद्र का रेशनेलाइजेशन 24 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। इसके उपरांत मतदाता सूचियों का प्रारंभिक (ड्रॉफ्ट) प्रकाशन 31 जुलाई 2026 को कर दिया जाएगा। इसकी सूची जिला प्रशासन की ऑफिसियल वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी जाएगी। रिवाइज्ड शैड्यूल (एसआईआर-2026) कार्यक्रम के तहत यदि मतदाता सूचियों से संबंधित कोई भी व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार की दावे तथा आपत्तियां दी जानी है।

### निजी स्कूल फीसों पर कसा जाए शिकंजा

**बराड़ा।** कांग्रेस के उपप्रधान नरेश सैनी सुभरी ने पंजाब सरकार के आदेश जारी होने के बाद कि प्रदेश की भाजपा सरकार को भी आगे आकर निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाना चाहिए। कहा कि पंजाब सरकार ने पंजाब रेगुलेशन ,फीस आफ अन एडेड एजूकेशन इंस्टीच्यूट - 2026 बनाकर वहां की जनता को बड़ी राहत पंहुचाई है। इसलिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने चाहिए।उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की मनमानी चरम पर है। हर साल इनकी फीसों में भारी वृद्धि हो रही है। कोर्ट के आदेशों के बावजूद अधिकतर निजी स्कूल हर साल एडमिशन फीस ले रहे हैं। अब तो पेट्रोल डीजल के रेटों में वृद्धि का बहाना बनाकर स्कूल बस,वैन के रेटों में भी भारी वृद्धि कर दी गई है।

### मंदिर की कमेटी का चुनाव के जरिए होगा दोबारा गठन

**अंबाला।** अंबाला शहर के सेक्टर-9 स्थित श्री महादेव मंदिर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मंदिर की कमेटी को पुनः सुनिश्चित करने के उदेश्य से इस चुनावी प्रक्रिया के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इसमें मुख्य संयोजक एमएल टांगरी रहेंगे। उनके साथ अन्य सदस्यों में राजेश शर्मा, भारत भूषण अग्रवाल, पवन जलोटा, रति पाल, भूपेंद्र गोयल, सूरज प्रकाश, अरुण शर्मा, बलबीर धवन, राजेश अग्रवाल को भी शामिल किया गया है। यह सभी सदस्य चुनावी प्रकिया को विधिवत ढ़ग से करवाएंगे। इस चुनावी प्रक्रिया को लेकर चुनावी कमेटी ने एक बैठक 9 अगस्त को मंदिर कमेटी के चुनाव करवाने का निर्णय लिया है। संयोजक एमएल टांगरी ने बताया कि मंदिर सेवा के कार्य के लिए होने वाली इस चुनावी प्रक्रिया में वहीं सदस्य भाग ले सकते हैं।

### मंदिर में चोरी करने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-2 की टीम ने 'भगवती दर्शन मंदिर' (पूजा विहार) में हुई चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए आठ चांदी के छत्र और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पूछताछ के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत भेज दिया है। प्रभु प्रेम पुरम के सुभाष चंद्र ने थाना महेश नगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि चोरों ने पूजा विहार स्थित भगवती दर्शन मंदिर से चांदी के छत्र और नकदी चोरी कर ली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने इस केस की जिम्मेदारी सीआईए-2 को सौंपी थी। सीआईए-2 की टीम ने आधुनिक तकनीकी संसाधनों, कड़े परिश्रम और अपने सूचना तंत्र की मदद से जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को काबू किया।

### विशेष अभियान के तहत तीन भगोड़े अपराधी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने अलग अलग मामलों में लम्बे अर्से से फरार चल रहे तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेज दिया है। थाना अंबाला सदर में दर्ज मुकदमा नंबर 328 थाना अंबाला सदर के तहत लड़ाई-झगड़े के मामले में वांछित आरोपी गुरजंट सिंह को न्यायालय द्वारा पीओ घोषित किया गया था। 14 जुलाई 2026 को इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दूसरा मामला थाना पंजोखरा का है। सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में आरोपी गुलजार सिंह को 9 जून 2025 से न्यायालय द्वारा पीओ घोषित किया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया है। तीसरा मामला थाना अंबाला शहर का है। स्नेचिंग के मामले में आरोपी संजू उर्फ डीडू काफी लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी हुए थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर उसे जेल भिजवा दिया है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## गुदगुदी जंक्शन समूह के अभियान का शुभारंभ

# पौधरोपण से प्रदूषण पर लगेगा अंकुश

**पहले दिन फलदार व छायादार करीब 30 पौधे लगाए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला


अंबाला। पौधे रोपते संस्था के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा बुधवार को गांव खुड्डा कलां से पांच दिवसीय पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। पौधारोपण अभियान प्रभारी जगमाल सिंह राणा ने बताया कि समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ के मार्गदर्शन में शुरू किए गए पौधारोपण अभियान में पूर्व सरपंच बृजपाल चौहान और सरपंच प्रतिनिधि धर्मपाल ने प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान देते हुए पृथ्वीराज चौहान भवन,राजकीय विद्यालय और स्वर्गाश्रम में पौधे लगाकर शुभारंभ किया। पहले दिन पीपल, नीम, बड़, जामुन, गुलमोहर, अमरूद के फलदार व छायादार वृक्षों के 30 पौधे लगाए गए। साथ ही क्यारियां बनाकर सुगंधित फूलों की पौध लगाई गई। पौधारोपण से पूर्व पूजन करके लोक कल्याण की प्रार्थना की गई। अम्बाला छावनी व आसपास क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों पर रविवार,19 जुलाई तक सुबह 7 से 10 बजे तक(प्रतिदिन 3 घंटे)लगातार फलदार और छायादार पौधे रोपित किए करने का लक्ष्य रखा गया हैजिसमें पौधों के लिए स्थान का चयन करके गड्ढे बनाना,पौधे लगाना और उनकी देखरेख के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं। चौहान ने कहा कि पौधारोपण करके बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगाया जा सकता है। पौधारोपण आज समय की जरूरत है,इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को वर्षा ऋतु के दौरान एक एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। अशोक चौहान, जसबीर सिंह , विक्रम सिंह चौहान, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## समाज गौरव सम्मान समारोह की तैयारियों-रूपरेखा पर विचार-विमर्श

**अंबाला।** अंबाला सर्कल सैनी सभा की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक प्रधान देवेंद्र सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 25 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले "समाज गौरव सम्मान समारोह" की तैयारियों एवं रूपरेखा पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सैनी ने बताया कि इस समाज गौरव सम्मान समारोह में हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण संवैधानिक एवं प्रशासनिक पदों पर नियुक्त सैनी समाज के गौरवशाली व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में सम्मानित किए जाने वाले अतिथियों का प्रस्ताव भी पास किया गया है। इसमें विशेष रूप से कर्मबीर सैनी हरियाणा सूचना आयुक्त, प्रो. डॉ. रामपाल (आरपी.) सैनी कुलपति, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू), जींद, गुरनाम सिंह सैनी चेयरमैन हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम, रवि सैनी (हिसार) चेयरमैन हरियाणा फॉरेस्ट डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन, कोमल सैनी नगर निगम मेयर पानीपत, भारती सैनी सदस्य हरियाणा राज्य महिला आयोग, अक्षिता सैनी नगर निगम मेयर अंबाला शहर, कविता सैनी वार्ड नंबर-11 सदस्य अंबाला शहर को सम्मानित किया जाएगा।


अंबाला। मीटिंग में मौजूद सभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि